तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 26 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

मछुआरा समाज और मत्स्य विभाग के बीच विभिन्न बिन्दुओं पर खींचतान

4



## खबर संक्षेप

### आईटीआई बलौदा में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा महुदा में 26 फरवरी को टाटा मोटर्स क्वेस कॉर्प. लिमिटेड कैम्पस रिक्रूटमेंट पार्टनर के द्वारा आईटीआई पास विभिन्न व्यवसाय के उत्तीर्ण ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18-23 वर्ष है उनके लिए प्लेसमेंट कैम्पस का आयोजन किया जा रहा हैं। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) ने बताया कि आवेदक निर्धारित तिथि को प्रातः 9.30 बजे समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ संस्था में उपस्थित हो सकते है।

### आकस्मिक मृत्यु के 4 प्रकरणों में 16 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** आकस्मिक आपदा मृत्यु के 4 प्रकरणों में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कुल 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जांजगीर निवासी बुटिया देवार की लू लगने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती शारदा, ग्राम सिवनी निवासी के परसराम सूर्यवंशी के सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती निर्मला बाई, चोरहादेवरी निवासी छतराम केंवट की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सुंदर बाई केंवट, ग्राम चण्डीपारा निवासी करन दिनकर की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पति श्रीमती मनीषा दिनकर को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की।

### करही में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 5 मार्च से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही के बाजार चौक में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च दिन गुरु वार से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम करही निवासी जोगेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च को शुभारंभ किया जाएगा। व्यास आचार्य विजय गुरुद्वान होंगे। नवधा रामायण का समापन 14 मार्च शनिवार को होगा। अखंड नवधा रामायण समिति करही के अध्यक्ष मुन्ना कश्यप को बनाया गया है। उपाध्यक्ष उत्तरा विश्वकर्मा को और चमरू आदित्य को सचिव बनाया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालेश्वर प्रसाद साहू विधायक जैजैपुर और विशिष्ट अतिथि सम्मे लाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर द्वारा 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**सक्ती।** सक्ती जिले में वर्ष 2026 के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा तीन स्थानीय अवकाश घोषित की गई है। जारी आदेश के अनुसार नवाखाई 18 सितम्बर शुक्रवार, दशहरा 19 अक्टूबर सोमवार और गोवर्धन पूजा 9 नवम्बर सोमवार को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### कृष्णा डेयरी से 80 हजार नगद पार, जांच में जुटी पुलिस

**चांपा।** नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते मंगलवार की देर रात लगभग 2:30 बजे बरपाली चौक से आगे पुराना स्टेट बैंक के सामने स्थित कृष्णा डेयरी में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर करीब 80 हजार रुपये नगद पार कर दिए। पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि आरोपी आसपास की हलचल पर नजर रखते हुए छिपता रहा और मौका मिलते ही अपने साथ लाए लोहे की रॉडनुमा वस्तु से शटर का ताला तोड़ने लगा। काफी मशक्कत के बाद वह ताला तोड़ने में सफल हुआ और शटर को थोड़ा ऊपर उठाकर अंदर घुस गया। काउंटर में रखी नगदी समेटकर वह बाहर निकला और शटर गिराकर मौके से फरार हो गया। सुबह दुकान पहुंचे संचालक लालू यादव ने ताला टूटा देख तत्काल पुलिस को सूचना दी। उनकी शिकायत पर चांपा थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है।

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत देते है बच्चो को नि:शुल्क शिक्षा

# तीन दर्जन से अधिक निजी स्कूलों को अब तक नहीं मिली 45 लाख की बकाया राशि

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चाम्पा जिले के तीन दर्जन से भी अधिक निजी स्कूल संचालको को अब तक करीब 45 लाख रूपए की बकाया राशि नही मिल पाई है। जिसके कारण उनके सामने कई तरह की परेशानियां सामने आ रही है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब वर्ग से आने वाले बच्चो को 25 फिसदी आरक्षित सीट के हिसाब से निजी स्कूलो में नि शुल्क शिक्षा दिया जाना है।

गौरतलब है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब एवं पात्र बच्चो को निजी स्कूलो में नि शुल्क शिक्षा दिया जाना रहता है। ताकि वे बच्चे भी अन्य बच्चो की तरह बडे स्कूलो में पढ लिख सके। इस अधिनियम के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 464 निजी स्कूलो में गरीब बच्चो को प्रवेश दिया गया था। वही स्कूल संचालको के द्वारा इन बच्चो को नि शुल्क शिक्षा भी प्रदान की गई। लेकिन विडंबना यह है कि वर्ष 2024 एवं 2025 की करीब 40 निजी स्कूलो को 45 लाख रूपऐ की राशि शिक्षा विभाग के द्वारा अब तक नही दी गई है। जिसके कारण निजी स्कूल संचालको की परेशानी और भी बढ गई है। खास बात यह है कि अब शिक्षा सत्र समाप्त होने में महज महीने भर का समय बाकि रह गया है। वही विभाग के द्वारा अब कक्षा पहली से गरीब वर्ग के बच्चो को प्रवेश देने की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है। ऐसे में अब निजी स्कूल संचालको की परेशानी और भी बढ गई है। शासन के द्वारा गरीब बच्चो को नि शुल्क शिक्षा देने के बदले में निजी स्कूल संचालको को यह राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए बच्चो का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पालक का आधार कार्ड, राशन कार्ड, ग्रामिण क्षेत्र 2002 बीपीएल सर्वे सूची में नाम, शहरी क्षेत्र 2007 सर्वे सूची में नाम, सामाजिक आर्थिक जनगणना मे पालक का नाम सहित अन्य जरूरी दस्तावेजो की जरूरत भी पडती रहती है। पूरे दस्तावेजो की जांच पडताल के उपरांत ही गरीब बच्चो का निजी स्कूलो में एडमिशन प्रकृया पूरी हो पाती है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम का प्रमुख उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गरीब बच्चों को पात्रता के अनुसार निजी स्कूलों में एडमिशन देना रहता है। वहीं निजी स्कूलों को राशि शासन द्वारा प्रदान की जाती है लेकिन निजी स्कूलों द्वारा बच्चों को शिक्षा तो प्रदान की जाती है पर समय पर संचालकों को राशि नहीं मिल पाती। जिसके कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, नवागढ़ एवं बम्हनीडीह ब्लाक को मिलाकर 464 निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में गरीब बच्चे आरटीई के तहत पढ़ते है।



#### 692 आरक्षित सीट पर ही मिलेगा प्रवेश

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस साल कक्षा पहली से गरीब बच्चो को नि शुल्क प्रवेश दिए जाने का नियम बनाया गया है। पहले जहां जांजगीर चाम्पा जिले में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए करीब 4 हजार 6 सौ से भी अधिक सीट हुआ करती थी। वह अब घटकर 692 पर आ पहुंची है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जिले में 3 हजार 908 सीटे कम हो गई है। पहले जहां शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिले में कक्षा नर्सरी से केजी वन तक गरीब बच्चो को निजी स्कूलो में प्रवेश मिलता रहा। उसे इस साल से अब कक्षा पहली से कर दिया गया है। जिसके कारण सीटो की संख्या कम हो गई है।

#### की गई मांग

कई निजी स्कूल संचालको को अब तक बकाया राशि का भुगतान नही हो पाया है। इस समस्या को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियो को अवगत कराकर राशि भुगतान की मांग की गई है।

**-मनोज पांडेय,**
अध्यक्ष
निजी स्कूल संचालक संघ, जांजगीर चाम्पा

#### भेजे है मांग पत्र

आरटीई के तहत निजी स्कूलो के बकाया राशि भुगतान को लेकर शासन को मांग पत्र भेज दिया गया है। राशि प्राप्त होते ही संचालको को भुगतान कर दिया जाएगा।

**-अशोक कुमार सिन्हा,**
डीईओ
जांजगीर चांपा

# 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, दर्री टांड़ में गहराया पेयजल संकट

### जिम्मेदार विभाग के अफसरों को नहीं कोई सरोकार

.हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विकासखंड के ग्राम दर्री टांड़ में पिछले 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण नल से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से गांव की जल व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि अकलतरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दर्री टांड में पिछले 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है। जिसके कारण गांव में बिजली सेवा बाधित होने के साथ साथ पेयजल की विकट समस्या बनी हुई है। इसे लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच ने विद्युत विभाग के अफसरों को पत्र लिखकर ट्रांसफार्मर मरम्मत की मांग की है। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती लता लहरे ने विद्युत विभाग को पत्र लिखकर ट्रांसफार्मर की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की थी, लेकिन 20 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्राम के तुलसी नायक और संतराम नायक ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से पानी सप्लाई पूरी तरह ठप है। कई वार्डों में नलों से पानी बिल्कुल नहीं आ रहा, जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। ग्रामवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि गांव में पेयजल संकट से राहत मिल सके।



दर्री टांड में बिगड़ा पड़ा ट्रांसफार्मर।

# तहसीलदार व नायब तहसीलदारों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को प्रशासनिक आधार पर आदेश जारी कर आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से नवीन पदस्थापना पर पदस्थ किया गया है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के जारी आदेश के अनुसार शशिभूषण सोनी को तहसीलदार अकलतरा से तहसीलदार बम्हनीडीह, अविनाश चौहान को तहसीलदार बम्हनीडीह से तहसीलदार अकलतरा, श्रीमती शालिनी तिवारी को अतिरिक्त तहसीलदार अकालतरा से अतिरिक्त तहसीलदार नवागढ़, महेंद्र लहरे को तहसीलदार पामगढ़ से तहसीलदार शिवरीनारायण, टिकेन्द्र नुरूटी को तहसीलदार शिवरीनारायण से तहसीलदार बलौदा, अमरनाथ श्याम को तहसीलदार बलौदा से तहसीलदार पामगढ़, संजय बरेठ को नायब तहसीलदार शिवरीनारायण से नायब तहसीलदार बम्हनीडीह एवं चंद्रकुमार साहू नायब तहसीलदार बहनीडीह से नायब तहसीलदार शिवरीनारायण के पद पर पदस्थ किया गया है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी महिला सहित 2 आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा में सुने मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवर और नकदी की चोरी कर ली गई। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदा निवासी संजय मिरी 16 फरवरी को अपने परिवारिक कार्यक्रम में बाहर गये थे। जब 23 फ़रवरी को वापस अपने घर बलौदा लौटे तो देखे कि घर के कमरे का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोर घर से सोने का हार और नगदी रकम 20 हजार चोरी कर ले गए थे। मामले की रिपोर्ट पर थाना बलौदा मे धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज व मुखबीर के सूचना के आधार पर संदेही जावलपुर निवासी 19 वर्षीय दिव्यांशु सूर्यवंशी और 36 वर्षीय सुशीला बाई सूर्यवंशी को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर दोनो ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। कार्यवाही में बलौदा थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक प्रतिभा राठौर, प्रधान आरक्षक नवीन सिह ,आरक्षक रज्जू रात्रे, संतोष रात्रे, रज्जू टण्डन, संदीप सोनंत, महिला आरक्षक चन्द्रप्रभा शांतेय का योगदान रहा।

# युवक को जिंदा जलाने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



पुरानी रंजिश पर युवक को जान से मारने की नीयत से डीजल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कटौद का है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कटौद में 15 फ़रवरी को विशू सारथी मेला देखने पहुंचा था।गांव के ही आकाश कुमार कर्ष के साथ उसका पुराना विवाद था। मेले में दोनों के बीच फिर से विवाद हो गया। आकाश ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से विशू सारथी के ऊपर डीजल डाल दिया और माचिस जलाकर उसे आग के हवाले कर दिया। आग लगते ही विशू सारथी बुरी तरह झुलस गया और दर्द से चिल्लाते हुए अपनी जान बचाने के लिए पास के तालाब में कूद गया। घटना के बाद आरोपी आकाश मौके से फरार हो गया। घायल विशू सारथी को परिजनों द्वारा तत्काल उपचार हेतु रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ में धारा 109, 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने के बाद 25 फ़रवरी आरोपी आकाश कुमार कर्ष उम्र 20 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी नवागढ़ कमलेश सेंडे एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### जिला जेल में योग शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** जिला जेल में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक जीएस शोरी की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में 490 बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बंदियों को सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना एवं उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। प्रशिक्षित योगाचार्य राजेश कन्नोजिया द्वारा बंदियों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

# अंतर्राज्यीय लूट गिरोह ने अमलीपाली में कार चोरी कर की थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर अमलीपाली से चोरी हुई इको कार बरामद की है। इसी वाहन का उपयोग बिलासपुर स्थित ज्वेलरी शोरूम में करोड़ों रुपये की लूट की वारदात में किया गया था।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमलीपाली निवासी दुष्यंत ने 16-17 फरवरी की दरम्यानी रात अपनी इको कार क्रमांक सीजी 13 एन 0999 चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में अपराध कायम कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि उक्त वाहन का उपयोग बिलासपुर के महालक्ष्मी ज्वेलर्स में सोना-चांदी एवं नगदी की बड़ी लूट को अंजाम देने में किया गया था। घटना के बाद आरोपी वाहन घटना स्थल पर छोड़कर फरार हो गए थे, जिन्हें बिलासपुर पुलिस ने मौके से जप्त किया। बिलासपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस की मदद से आरोपी विजय लाम्बा, विनोद उर्फ बिनू प्रजापति, करीम खा, इरफान अली, मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित को गिरफ्तार किया। अमलीपाली से चोरी हुई इको कार के प्रकरण में अकलतरा पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

# जिला बदर नियम का उल्लंघन करना पड़ा महंगा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिला बदर नियम का उल्लंघन करने के मामले में छिपकर रह रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना मुलमुला क्षेत्र का आदतन गुंडा बदमाश गोरी उर्फ रोहित कुमार बर्मन जिला बदर का आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। बदमाश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। पूर्व में आदतन बदमाश को एक वर्ष की अवधि के लिए जांजगीर-चांपा जिले सहित समीपवर्ती जिला सक्ती, रायगढ़, सारंगढ़, बिलासपुर एवं बलौदा बाजार की राजस्व सीमाओं से ग्राम कोसा निवासी आदतन बदमाश गोरी उर्फ रोहित कुमार बर्मन उम्र 40 वर्ष के विरुद्ध जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की गई है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में 14 प्रकरण लंबित हैं। सबदमाश के विरुद्ध कार्यवाही की सूचना जिला दंडाधिकारी को दी गई तत्पश्चात पुलिस द्वारा जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1950 की धारा 14 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुपालन में थाना मुलमुला में 23 फरवरी को बदमाश के विरुद्ध के तहत धारा 14 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1950 के अंतर्गत विधिवत प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अफसर नहीं दे रहे ध्यान

# एक्सपायरी दवाओं को कर रहे आग के हवाले, लोगों को सांस लेने में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम देवरी के उपस्वास्थ्य केंद्र में कथित रूप से एक्सपायरी दवाओं को खुले कूड़ेदान में डालकर जलाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल परिसर के समीप दवाओं में आग लगा दी जाती है, जिससे उठने वाला जहरीला धुआं पूरे मोहल्ले में फैल जाता है और लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपस्वास्थ्य केंद्र के आसपास रहने वाले मोहल्लेवासियों ने बताया कि दवाओं के जलने से तेज बदबू और काला धुआं निकलता है, जो घरों तक पहुंच जाता है। बच्चों, बुजुर्गों तथा अस्थमा जैसी सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह स्थिति गंभीर खतरा बन सकती है। कई बार दुर्गंध इतनी तीव्र होती है कि लोगों को अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद करनी पड़ती हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि आग में इंजेक्शन की शीशियां जलने पर तेज आवाज के साथ फट जाती हैं। उनके टुकड़े दूर तक छिटकने से सड़क से गुजरने वाले लोगों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इस संबंध में विभागीय कर्मचारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कथित लापरवाही से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है।



एक्सपायरी दवा के जलने से निकलता धुंआ।

#### रखा जाएगा ध्यान

उपस्वास्थ्य केंद्र देवरी हॉस्पिटल के पीछे में गड्ढा किए थे, उसी में डाल रहे थे। किसी ने गड्ढे को पाट दिया है इसलिए जलाया गया। अब से नहीं जलाएंगे। साथ ही इसका ध्यान रखा जाएगा।

**-विजयालक्ष्मी साहू,**
सीएचओ, उप स्वास्थ्य केन्द्र देवरी

# शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ पामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिर्री का मामला

अनाचार के मामले में फरार आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिर्री निवासी विशाल यादव उम्र 22 साल द्वारा एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपहरण कर ले गये है। रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आरोपी विशाल यादव जो घटना दिनांक से फरार चल रहा था। जिसको सायबर तकनीकी के माध्यम से पकड़ा। जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाना एवं शादी का झांसा देकर लगातार अनाचार करना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी विशाल यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक सावन सारथी थाना प्रभारी पामगढ़ सउनि संतोष बंजारे प्रधान आरक्षक राजेश कोशले आरक्षक श्याम ओग्रे, रावघवेंद्र , भुवनेश्वर पटेल सैनिक चंद्रशेखर प्रधान थाना पामगढ़ का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### पतंजलि किसान सेवा समिति की राज्य स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

**कोरबा।** ग्राम पंचायत पोड़ी तहसील पाली में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान, पतंजलि युवा भारत एवं पतंजलि किसान सेवा समिति की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें योग कक्षाओं का विस्तार, संगठन को मजबूत बनाने एवं रोजगार, स्वदेशी अपनाओ जैसे मुद्दे पर विशेष चर्चा हुई। जिसमें युवा भारत राज्य प्रभारी आदरणीय जयंत भारती गोस्वामी, छत्तीसगढ़ राज्य संगठन प्रभारी राम शर्मा, भारत स्वाभिमान सह राज्य प्रभारी अनूप बंसल, पतंजलि योग समिति के संरक्षक राम ऋषि, पतंजलि किसान सेवा समिति के सह राज्य प्रभारी आदरणीय विकेश, पतंजलि युवा भारत के राज्य संवाद प्रभारी संजय कूर्मवंशी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रामेश्वर प्रसाद पांडे, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी सुखलाल चौहान, युवा भारत जिला प्रभारी इन्द्रनारायण जायसवाल, अश्वनी चंद्रा, अरविंद पाण्डेय, ईश्वर बघेल साथ में बड़ी संख्या में योग साधकगण उपस्थित थे।

### यात्री प्रतीक्षालय बना कूड़ादान, शराबियों और जानवरों ने बनाया अपना अड्डा



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका वार्ड क्रमांक 30 के अंतर्गत आने वाली यात्री प्रतीक्षालय जो पहले नगर निगम के द्वारा निर्माणाधीन किया गया था, जो अब नगर पालिका बांकीमोंगरा के अंतर्गत या प्रतीक्षालय आता है दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जब से नगर निगम के द्वारा निर्माण हुआ था तब भी यह यात्री प्रतीक्षालय की स्थिति वही थी, और जब से नगर पालिका बांकी का दर्जा मिला है तब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। गेवरा बस्ती हनुमान चौक जहां साप्ताहिक बाजार तक लगई जाती है वहां का यह प्रतीक्षालय पूरी तरीके से कूड़े कचरे और शराबियों के साथ जानवरों का अड्डा बना हुआ है। क्षेत्र की आबादी के तौर पर चौक पर मंत्र एक प्रतीक्षालय व बगल में बने शौचालय है जिसका उपयोग आने जाने वाले राहगीर महिलाओं के साथ चौक से बस के लिए सवारी बैठने वाले करते हैं। ऐसी स्थिति को देखते कोई उसका उपयोग नहीं कर पा रहा है। जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए और साफ सफाई करवानी होगी।

### अंत्योदय व पंच परिवर्तन पर भाजपा करेगी कामः गोपाल

**कोरबा।** जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा है कि कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और सक्रिय बने, इसके लिए लगातार हमारे कार्यक्रम चलते रहेंगे। अंत्योदय तक हमारी पहुंच होगी। समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाकर लोगों को लाभान्वित करना हमारा उद्देश्य है। भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में गोपाल मोदी ने यह बात कही। प्रथम सत्र में जिला प्रभारी अनिल केसरवानी ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठनात्मक विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम की भावना है, जिसे कार्यकर्ता अपने आचरण में उतारे। द्वितीय सत्र में विधानसभा सह योजना बैठक में अगली रणनीति और अंतिम सत्र में पीपीटी प्रशिक्षण नवाचार पर चर्चा हुई। इस सत्र की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने की। मुख्य वक्ता जिला सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला ने संगठनात्मक नवाचार एवं कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। पंच परिवर्तन के बारे में पूर्व महापौर जोगेश लांबा और लीनेश ठोकने ने अपनी बात रखी।

# सीईआर के तहत 11 गांवों के युवाओं को दिया गया कौशल विकास का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2 गुना 660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ 11 गांवों के युवा एवं विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण एवं विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग चरणबद्ध रूप से आयोजित की गई।

राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के तहत आयोजित इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की सहायता ली गई। जनरेशन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को प्राथमिकता के साथ जमीनी स्तर पर ला रही है। इसी कड़ी में गांव-गांव में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। अभी तक दो चरणों में पांच-पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा चुका है। साथ ही चिह्ननांकित आठ स्थानों पर विद्यार्थियों के लिए सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग की जा चुकी है। इनमें एनटीपीसी केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-04 गोपालपुर, शासकीय हाईस्कूल स्याहीमुड़ी, गोपालपुर, अयोध्यापुरी, दर्री, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरीकला, विद्युतगृह हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-दो दर्री, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एनटीपीसी-जमनीपाली शामिल हैं। जनरेशन कंपनी के इस अभियान से ग्राम लोतलोता, स्याहीमुड़ी, चुईया, जमनीपाली, झाबू, पंडरीपानी, नवागांव-कला, डिंडोलभाठा, बिरवट, डोडकधरी और चिरहुट के युवा एवं विद्यार्थी लाभान्वित हुए। निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के कार्यों को मुख्य अभियंता एचके सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षण विभाग द्वारा पूरा कराया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी की भूमिका निभाते हुए सिपेट-कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में रजनीश पांडेय, नीतीश कुमार, संजय बदुक एवं महेश तुडु शामिल रहे। प्रशिक्षकों द्वारा पांच दिवसीय रोजगार मूलक कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली मशीनों की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं कंप्यूटर संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सिपेट द्वारा युवाओं को आईटीआई प्रशिक्षण की तर्ज पर कन्वेंशनल मशीनिंग और कंप्यूटर न्यूमेरिक कंट्रोल मशीनिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

**निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को पूरा कर रहा प्रबंधन**

**खास बातें**

- केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्था की ली गई सहायता
- गांव गांव में चला अभियान




## बेरिकेड को पार करने के बाद पुलिस ने रोका कांग्रेसियों को

# मनरेगा बचाओ अभियान : रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी



पुलिस के साथ झूमाझटकी करते कांग्रेसी।



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद एवं पूर्व मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कोसाबाड़ी चौक में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए जहां मंच के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा इसके बाद कांग्रेसी रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करने निकले। जैसे ही रैली कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ी इस दौरान पहले से ही प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर बेरिकेडिंग लगा दिया था। पहले बेरिकेड को हटाकर कांग्रेसी आगे बढ़े लेकिन कुछ ही कदम पर दूसरे बेरिकेड पर कांग्रेसियों को रोक लिया गया। इस दौरान कांग्रेसियों व पुलिस कर्मियों के बीच झूमाझटकी भी देखने को मिली।

**खास बात**

- कोसाबाड़ी मे आमसभा का आयोजन कर कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर व्ही बी जी राम जी किये जाने के विरोध में कांग्रेस ने देशव्यापी आंदोलन मनरेगा बचाओ अभियान चलाया है जिसके तहत जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीनने का काम किया है। मनरेगा कानून परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। पहले मनरेगा सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित थी लेकिन अब केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया गया है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और गरीब मजदूरों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा अब तक सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया है। विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि मनरेगा स्कीम देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा रहा है। मनरेगा रोजगार का गारंटी अधिकार था लेकिन अब इसमें नाम के साथ - साथ नियमों में बदलाव किया गया जो पूरी तरह से केन्द्र सरकार की मर्जी पर निर्भर रहेगा। पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा ने कहा कि भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर झूठ बोला है। पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि मनरेगा अधिनियम को वर्ष 2005 में मनमोहन सिंह सरकार ने लागु किया था। यह अधिकार आधारित कानून था जो प्रत्येक ग्रामीण को मजदूरी का वैधानिक अधिकार देता था। अब इस योजना के नियमों को परिवर्तन कर वैधानिक अधिकार को खत्म किया जा रहा है। सभा को पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, छुरी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, सांसद प्रतिनिधि शोभना देवांगन, प्रदीप अग्रवाल सहित ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने किया एवं आभार ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से महेन्द्र थवाईत, हीरा यादव, नंद कुमार देवांगन, प्रमोद श्रीवास तुमान, शांति स्वरूप महंत रामपुर, यशपाल सिंह गजरा, फिरोज अनंत मोंगरा, अजय कंवर गजरा, मानिकपुरी टेलर्स बांकी, धनंजय दिवान कुसमुण्डा, खिलावन देवांगन उमरेली, पुष्पा पात्रे, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जया लहरे, रजनीश तिवारी, संतोष देवांगन, सूरज मानिकपुरी, मेवालाल मन्नेवार, योगेश कंवर दीपका, बोधन लाल रंजना, गोरेलाल कटघोरा, पुरान सिंह चैतमा, लक्ष्मीनारायण बरपाली, प्रीतम शुक्ला बरपाली, मनहरण राठौर सहित अन्य शामिल थे।

**मनरेगा मजदूरों का था लाइफ लाइन : केशरवानी**

कांग्रेस के कोरबा जिला प्रभारी विजय केशरवानी ने कहा कि मनरेगा रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम देने का कानून था। श्रमिक को काम लेने का अधिकार था। इस योजना के तहत सरकारी फरमान से कभी काम नहीं रोका गया। पिछले दो दशक से यह योजना 12 करोड़ से भी अधिक मनरेगा मजदूरों के लिए लाइफलाईन रहा है। कोविड महामारी के समय भी यह योजना आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ था।

## शारदा विहार सार्वजनिक मैदान में अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के मध्य स्थित शारदा विहार कॉलोनी का सार्वजनिक मैदान इन दिनों अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियों की चपेट में है। बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण मैदान की खुली जमीन पर धीरे-धीरे कब्जे की आशंका बढ़ती जा रही है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कुछ लोग यहां कपड़े और कचरा फेंककर क्षेत्र को गंदा कर रहे हैं, जिससे न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति की स्थिति भी खराब होती जा रही है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार मैदान के आसपास लगाए गए बिजली खंभों की लाइटें भी गायब हो गई हैं। अंधेरा होने के बाद यहां नशाखोरी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। इससे कॉलोनी में रहने वाले परिवारों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही अभिभावक बच्चों को मैदान की ओर जाने से रोकने लगे हैं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि यह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने और सामाजिक आयोजनों का प्रमुख स्थान रहा है, लेकिन वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। यदि समय रहते प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो भविष्य में यहां अवैध कब्जा स्थायी रूप ले सकता है। निवासियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि मैदान की तत्काल बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, स्ट्रीट लाइट कीव्यवस्था पुनः सुनिश्चित की जाए तथा नियमित पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए ताकि सार्वजनिक स्थल को सुरक्षित रखा जा सके और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनी रहे।

## सफाई नहीं होने से वार्डों की नालियों का पानी बह रहा मोहल्ले में



हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

नगर पालिका वार्ड क्रमांक 25 के क्षेत्र में नालियों के बेहतर साफ सफाई न होने से नालियों में गंदे पानी का जमावड़ा बनता जा रहा है और भारी नालियों के गंदे पानी रोड तक बह रहे हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में भी समस्याएं हो रही है साथ ही मच्छरों का भी प्रभाव पड़ता जा रहा है।

क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई न होने से लोगों में खासा नाराजगी बताई जा रही है। वार्ड 25 के दिनेश अग्रवाल का कहना है कि नगर पालिका की कर्मचारी साफ सफाई के लिए आते हैं लेकिन नालियों के ऊपर ऊपर के हिस्से को साफ-सफाई कर जमी नाली के गंदगियों को बेहतर स्तरीय से सफाई नहीं करते इस वजह से नालियों में पानी भरने से नालियों का गंदा पानी रोड मे बेहता रहता है। और जगह-जगह गड्ढे मे गंदे पानियों के जमने के वजह से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ता है यहां तक के क्षेत्र के दिनेश अग्रवाल जी का कहना है शिकायत के बावजूद सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, 366 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत आज हाई स्कूल परीक्षा विषय अंग्रेजी (080) की परीक्षा आयोजित की गई। कोरबा में जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल क्रमांक 1 द्वारा सेजेस चैतमा, सेजेस लाफा, सेजेस पोंड़ी (लाफा), सेजेस पाली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली, दल क्रमांक 2 द्वारा शासकीय हाई स्कूल घुड़देवा, सेजेस मोंगरा, सेजेस अरदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 4 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला, सोहागपुर, उमरेली और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 5 ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी, कुदुरमाल, उरगा, फरसवानी, कोथारी, बरपाली और नोडल अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा, प्रयास कोरबा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी कोरबा, विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 कोरबा, ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, निर्मला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसाबाड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की कोई घटना दर्ज नहीं हुई। दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12 हजार 586 रही, जिनमें से 12 हजार220 विद्यार्थी उपस्थित थे और 366 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

### स्थापना व संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**कोरबा।** जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 सीटर डे केयर सेंटर-सियान गुड़ी का प्राथमिक स्तर पर स्थापना एवं संचालन किया जाना है।

## खाद्यान्न का भंडारण और वितरण सुनिश्चित कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर व अन्य।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए और टीएल के लंबित प्रकरणों को निराकरण कर जानकारी प्रस्तुत करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण न होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग-नॉन को निर्देशित किया कि राशन दुकानों में भंडारण समय पर होने के साथ हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राथमिकता से वितरित हो। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद्य निरीक्षकों की बैठक लेकर समीक्षा करने और खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन दुकान में खाद्यान्न का गबन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के सभी पीएमश्री विद्यालयों में नियुक्त नोडल अधिकारियों को विद्यालय का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन करने और आवश्यकताओं की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को पीएमश्री विद्यालय में गुणवत्ता सुधार के साथ उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की दिशा में योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं को भी ध्यान रख रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ होने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य हेतु वन विभाग को 7 दिवस के भीतर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्राहक सर्वेक्षण, कार्ड वितरण, बीमा, फड़ मुंशी की नियुक्ति, अभिरक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक भुगतान उनके खाते में ही 48 घंटे के भीतर ऑनलाइन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संग्राहकों के बैंक खाते समय पर खुल जाएं, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला योजना समिति से अनुमोदन पश्चात वार्षिक, तीन वर्षीय, पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार कर इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, कृषि, पशुपालन, ईको-पर्यटनदृहोमस्टे, पीवीटीजी बसाहटों में विकास कार्य आदि को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों में डिजिटल भारत के तहत मोबाइल टॉवर स्थापना के लिए 5 मार्च तक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### नेशनल लोक अदालत न्यायिक अधिकारियों की बैठक

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में उक्त तिथि को जिला न्यायालय कोरबा, तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बैंक प्रकरण, लिखत पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण तथा अन्य व्यवहार वादों को रखा जाएगा।

**ईशतहार**

रा.प्र.क्र. ....अ–2 / 2025–26 तहसील चांपा
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)
ग्राम कोसमंदा प.ह.नं. 01

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोसमंदा प.ह.नं. 06 तहसील–चांपा जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.) की नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि स्वामी आवेदक श्री रमाकांत कश्यप पिता दादूराम कश्यप जाति–कुर्मी निवासी ग्राम–कोसमंदा तहसील–चांपा जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को व्यावसायिक (कृषि उपज से संबंधित माल गोदाम) प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त व्यावसायिक (कृषि उपज से संबंधित माल गोदाम) प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में इश्तहार के प्रकाशन दिनांक 27.02.2026 के भीतर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची : खसरा नं. 2213 / 8 रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि.... लगान.... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 19.02.2026 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा**

**आम सूचना ईस्तहार (नाम परिवर्तन हेतु)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता राजीव रत्न पाण्डेय (RAJEEV RATNA PANDEY) पिता श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय (BHAGWAT PRASAD PANDEY) निवासी ग्राम हाउस नं.-455/1, वार्ड नं.-16, चंदनियापारा, जांजगीर तहसील व थाना जाँजगीर, जिला-जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495668 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम राजीव रत्न पाण्डेय (RAJEEV RATAN PANDEY) पिता श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय (BHAGWAT PRASAD PANDEY) को त्याग कर नया नाम राजीव रत्न पाण्डेय (RAJEEV RATNA PANDEY) पिता श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय (BHAGWAT PRASAD PANDEY) रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम राजीव रत्न पाण्डेय (RAJEEV RATNA PANDEY) पिता श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय (BHAGWAT PRASAD PANDEY) से ही जाना पहचाना जावे।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरे नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है, तो 15 दिवस भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नहीं किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा।
सो सूचना जाने !

**भवदीय**
**राजीव रत्न पाण्डेय**
**श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय**
**निवासी ग्राम-जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
**मो.नं.-9669696234**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र.क्र.74/ब-121/2025-2026
ग्राम बोड़सरा तहसील जांजगीर

आवेदक श्री आकाश कुमार पिता श्री मोहन लाल जाति सतनामी एवं आवेदिका श्रीमती कविता पति श्री आकाश कुमार जाति कुर्मी दोनो निवासी ग्राम बोड़सरा तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम बोड़सरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आकाश कुमार पिता श्री मोहन लाल जाति सतनामी एवं आवेदिका श्रीमती कविता पति श्री आकाश कुमार जाति कुर्मी दोनों निवासी ग्राम बोड़सरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 28.11.2025 को ग्राम बोड़सरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25.03.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।



लाइफ Style

# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



## अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।




## इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



## ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



## राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला



## कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

### शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आईं तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।



## शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिया। वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

## अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को




लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

### परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

## 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



### मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएमवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

### कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



### पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

### दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### ई-ऑफिस, ईएचआरएमएस और स्पैरो पर विभागीय तकनीकी स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण



सक्ती। जिला पंचायत सभाकक्ष, सक्ती में ई-ऑफिस, ईएचआरएमएस एवं स्पैरो के संबंध में सभी विभागीय तकनीकी स्टाफ को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रायपुर से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारा ई-ऑफिस, ईएचआरएमएस एवं स्पैरो के संबंध में टेक्निकल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान ई-ऑफिस ईएचआरएमएस एवं स्पैरो के संचालन, कार्यप्रणाली तथा विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रणाली के प्रभावी उपयोग, कार्यालयीन कार्यों के डिजिटलीकरण तथा ऑनलाइन प्रक्रियाओं के सुव्यवस्थित निष्पादन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम, राधेश्याम साहू, श्रवण गभेल सहित संबंधित विभागों के तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

सक्ती। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती द्वारा विकासखंड सक्ती अंतर्गत नगर पंचायत बाराद्वार में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन के इच्छुक संस्थाओं लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए 6 मार्च तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती में आवेदन किया जा सकता है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पंचायत बाराद्वार में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है।

### विधायक के प्रयास से कोनारगढ़–मल्हार मार्ग लीलागर नदी तक बजट में शामिल

मुलमुला। कोनारगढ़ मुलमुला क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग को बड़ी सफलता मिली है। शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़ के विशेष प्रयासों से कोनारगढ़ से मल्हार मार्ग होते हुए लीलागर नदी तक सड़क निर्माण कार्य को राज्य सरकार के बजट में शामिल कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार मुलमुला से कोनार होते हुए लीलागर नदी तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पुल-पुलिया सहित किया जाएगा। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद कोनार एवं आसपास के ग्रामों के नागरिकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में क्षेत्रवासियों को खराब मार्ग और आवागमन की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं।विधायक श्रीमती हरबंश के निरंतर प्रयासों और पहल के फलस्वरूप इस मार्ग को बजट में स्थान मिला है। जनपद सदस्य पुष्पलता सन्नी यादव ने विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### आयुष बने भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष

अकलतरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा संगठन के द्वारा नगर के आयुष शर्मा को भारतीय जनता युवा मोर्चा अकलतरा नगर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



अपनी नियुक्ति पर आयुष शर्मा के द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा संगठन के पदाधिकारीयों एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनहित एवं कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार एवं प्रसार करते हुए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## निधन

### सुशीला तिवारी

जांजगीर चाम्पा। समीपस्थ ग्राम बनारी के प्रतिष्ठित



नागरिक एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक स्वर्गीय देव खिलावन तिवारी की धर्मपत्नी एवं इंग्लिश आचार्य के डायरेक्टर दीपक तिवारी की माता श्रीमती सुशीला तिवारी का बुधवार 25 फरवरी को निधन हो गया। उनकी उम्र 80 वर्ष थी। वे अपने पीछे तीन पुत्री और एक पुत्र के साथ नाती पोतो से भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बनारी के मुक्ति धाम में हुआ। इस मौके पर परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# मछुआरा समाज और मत्स्य विभाग के बीच विभिन्न बिन्दुओं पर खींचतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मछुआरा समाज और मत्स्य पालन विभाग के बीच विभिन्न बिन्दुओं को लेकर खींचतान चल रही है। इसे लेकर अपर कलेक्टर की अगुवाई में बैठक आयोजित की गई। मछुआरा समाज के लोगों का कहना है कि उनकी मांगों पर विचार नहीं करने की स्थिति में आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञात हो कि कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर आर.के. तम्बोली ने मछुवारा समाज और मत्स्य विभाग के बीच बैठक रखा गया। जिसमें राष्ट्रीय मछुआरा संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गायत्री गायग्वाल के साथ मछुवारा समाज शामिल हुआ और जिसमे सभी समितियों से अपर कलेक्टर ने चर्चा कर सभी बिन्दुओ को नोट कर कलेक्टर के समक्ष मछुआरा समितियों की बात रखने की चर्चा की। इस बीच मछुआरा समिति के अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल ने कहा कि पूर्व में जो उनकी मांगे रखी गई थी, उस पर अब तक



मत्स्य पालन विभाग पहुंचे मछुआरा समिति के पदाधिकारी।

विचार नहीं किया गया है। जांजगीर अनुविभागीय अधिकारी ने गड़बड़ी की जांच करने के लिए 15 दिन का समय मांगा था लेकिन किसी भी प्रकार की जानकारी प्रदान नहीं की गई है। बैठक के दौरान मछुआ समितियों के सदस्यों को अपने आजीविका, रोजी रोटी, हक और अधिकार को छीनकर मछली पालन विभाग के अधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मछली पालन नीति 2022-23 का उल्लंघन कर गैर मछुआरा समाज के मछुआ समितियो को तालाब आवंटन किया जा रहा। अपने साथ हो रहे अन्याय को सबूतों के साथ विस्तृतरूप से रखते हुए मछुआरा समाज के मछुआ समितियो को यदि आने वाले समय में हक्र अधिकार के साथ तालाब आबंटन नहीं होने के साथ साथ संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। कुलीपोटा मत्स्य विभाग जांजगीर में 3 फरवरी को मत्स्य नीति 2022 के तहत अपनी हक्र रोजी रोटी गैर जाति मछुवारा समाज तालाब आबंटन रद्द करने और अपने अधिकार के लिए मछुवारा समाज कुलीपोटा मत्स्य विभाग के सामने श्रीमती गायत्री गायग्वाल अध्यक्ष राष्ट्रीय मछुवारा संघ प्रदेश के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन हुआ था। उसके बावजूद भी बात नहीं बन पाई। बैठक में प्रमुख रूप से भरतलाल धीवर, नवीन धीवर, शिवा धीवर, राकेश कहरा, रामनारायण धीवर, सोहित केंवट, उमा देवी, जमुना बाई शामिल रहे।

# होली त्यौहार पर हुड़दंग व उपद्रव मचाने पर भेजा जाएगा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई थी। इस दौरान टीआई ने जनप्रतिनिधि व लोगों को होली त्यौहार के दौरान हुडदंग व उपद्रव मचाने पर सीधे जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व में अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा कानून को हाथ में लेने पर उसे बक्शा नहीं जाएगा।

ज्ञात हो कि तहसीलदार ने आगे अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से हुड़दंग, उपद्रव या गैरकानूनी गतिविधियों से हम सभी को बचना है, अन्यथा सरकार के द्वारा बनाए गए नियमों के तहत धारा लगाकर कानूनी कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजा जाएगा। होली पर्व में अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा कानून को हाथ में लेने पर उसे बक्शा नहीं जाएगा। यहां पर उपस्थित सभी अपने-अपने गांव की आदतन बदमाश किस्म के व्यक्तियों और शराबियों को यह बातें बताने का कष्ट करेंगे। इसके साथ ही सभी पंचायत पदाधिकारी गण अपने-अपने गांव में पंचायत स्तर पर शांति समिति का बैठक आवश्यक रूप से करें। शांति भंग करने वाले का कोई भी जन प्रतिनिधियों का सिफारिश काम नहीं आएगा। सीधे जिला जेल खोखरा जांजगीर दाखिल कराया जाएगा।



शांति समिति की बैठक लेते थाना प्रभारी

थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू ने यहां पर उपस्थित पंचायत पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से सभी से अपील करते हुए आगे कहा कि अवैध शराब का सेवन और बिक्री नहीं करना है। शराब पीकर गाड़ी चलाने या हुड दंग मचाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होली खेलते समय किसी के साथ गलत व्यवहार ,छेड़छाड़ या गाली गलौज नहीं करना है। बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल नहीं चलाना है। सभी मोटरसाइकिल सवारों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है। तीन सवारी मोटरसाइकिल में नहीं चलाना है। खतरनाक रंगों और केमिकल युक्त रंगों से सभी को बचना है। रास्ता में बाधा नहीं बना है। सड़कों और सार्वजनिक जगहों पर अनावश्यक भीड़ नहीं लगाना है। समूह में डीजे साउंड सर्विस में ग्रुप डांस अर्धनग्न स्थिति में चौक चौराहों पर नहीं करना है। किसी भी तरीका से अफवाह नहीं फैलाना है। झूठी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ बिर्रा पुलिस के द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। यह त्योहार हम सभी के लिए एवं शासन प्रशासन, पुलिस व आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और आपसी भाईचारा के साथ एक दूसरे को शुभकामनाएं देना है। इस अवसर पर बिर्रा के प्रथम नागरिक पीली बाई एकादशीया साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा, मेला राम चौहान सरपंच ग्राम बसंतपुर, राजकुमार पटेल, कांग्रेस नेता एकादशी साहू आदि के अलावा बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 22 गांव के पंचायत पदाधिकारी व नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# जनगणना का कार्य शत प्रतिशत एवं पारदर्शिता के साथ करें पूरा : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारत सरकार, गृह मंत्रालय अंतर्गत जनगणना के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग के तहत प्रत्येक मकान का सूचीकरण किया जाएगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय जानकारी संकलित की जाएगी। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने अधिकारियों और कर्मचारियों को इसे पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित कार्मिक निर्धारित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लें और प्रक्रियाओं को भली-भांति समझकर ही मैदानी




कार्य करें, ताकि जनगणना का कार्य शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ पूर्ण हो सके। जनगणना निदेशालय से आए प्रशिक्षण अधिकारी मनोज कुमार महिलांगे और बलवंत डी सोमकुवंर द्वारा जनगणना 2027 में जनगणना पदाधिकारियों की भूमिका और कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। जनशक्ति एवं प्रचार गतिविधियां, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की नियुक्ति, जनगणना में उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं, डेटा नैतिकता, गोपनीयता एवं सुरक्षा, मोबाइल एवं वेब ऐप से जुड़ी समस्याओं का निराकरण तथा समय-सीमा की जानकारी दी गई।

# संत गाडगे की 150वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पोड़ी दल्हा में समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित होकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय रजक महासंघ जिला जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष पितरेश उजागर, सचिव सरोज कुमार निर्मलकर, रसेड़ा परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष मनहरन निर्मलकर सहित सदस्य दुखीराम निर्मलकर, कृष्ण कुमार निर्मलकर, जेठूराम निर्मलकर, अशोक निर्मलकर एवं महेंदर




जयंती कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोग।

निर्मलकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही। जिनमें शकुंतला निर्मलकर, बड़े नोनी, सरस्वती उजागर, कविता निर्मलकर और शोभा निर्मलकर सहित अन्य समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत गाडगे महाराज के जीवन, उनके सामाजिक सुधार कार्यों तथा स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समानता के संदेशों पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।समारोह का समापन सामूहिक श्रद्धांजलि और समाज के उत्थान के संकल्प के साथ हुआ।

### शिक्षक परौहा ने भोपाल में लिया राष्ट्रीय स्तर का विशेष प्रशिक्षण

**अकलतरा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार के प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा 10 से 13 फरवरी तक भोपाल में आयोजित प्रिपरेटरी स्टेज पाठ्यपुस्तकों पर आधारित मास्टर ट्रेनर्स के अभिमुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के विकासखंड अकलतरा से शिक्षक रमाकांत परौहा का चयन हुआ। वे शासकीय शाला खोंड़ में प्रधान पाठक के रूप में कार्यरत हैं।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विद्यार्थियों के थीम आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित शिक्षा, समूह चर्चा, बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धति तथा प्रभावी टीएलएम के उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के व्यावहारिक तरीकों पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक सोच विकसित होती है। इसमें महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, गोवा, दमन-दीव तथा छत्तीसगढ़ सहित सात राज्यों से शिक्षक शामिल हुए। रमाकांत परौहा के प्रशिक्षण का लाभ विकासखंड के विद्यार्थियों को मिलेगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

शबरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या बच्चे व उनके माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं अतिथियों द्वारा सरस्वती माता, भारत माता के तैलिए चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। नीलम कश्यप, अनुजा राही द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू ने कहा कि अभिभावकों एवं समाज को सही दृष्टि देने के लिए शिशुनगरी का आयोजन किया जाता है। पार्षद सुश्री नीलम यादव ने कार्यक्रम की सराहना की। इसके पश्चात नन्हे मुन्ने भैया बहनों द्वारा गीत- तू कितनी अच्छी है, सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया।विभिन्न वेषभूषा की झांकी जैसे राधा कृष्ण, राम लक्ष्मण,हनुमान शिव,दुर्गा माता,



शिशु नगरी कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

हमारे सहायक डॉक्टर, धोबी,सब्जीवाली, किसान, दूधवाला, चित्रकार आदि का प्रदर्शन किया गया। शिशु वाटिका प्रमूख लीना शुक्ला द्वारा 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई एवं शिशु वाटिका का भ्रमण कराया गया। माताओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेल जैसे संतुलन का खेल, बॉटल दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी माताओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया खेल में विजेता माताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में 80 माताएं एवं 110 भैया बहन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी दीदीओ एवं माताओं द्वारा सूआ नृत्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीरा आदित्य एवं आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य सदानंद यादव द्वारा दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमलता यादव, अध्यक्षता सरोज यादव, सुश्री नीलम यादव पार्षद उपस्थित रही।

# किसानों को जैविक खेती के लाभ व हानि के बारे में दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बलौदा क्षेत्र के पोंच गांव में किसान स्कूल बहेराडीह द्वारा जैविक खेती अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पशु सखी और जैविक खेती के लाभ व रासायनिक खाद के लाभ व होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

बलौदा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पोंच में किसान स्कूल द्वारा किसानों, कृषि सखी और पशु सखी को जैविक खेती के लाभ और रासायनिक खाद के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। साथ ही, खेतों में पराली नहीं जलाने और जल संरक्षण का भी संदेश दिया गया। इस मौके पर किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव द्वारा बताया कि आज जैविक खेती बहुत ही आवश्यक है। महाराष्ट्र की वेंकटेश्वरा कम्पनी से जुड़े बिलासपुर से पहुंचे वाय. श्रीनिवास ने कहा कि किसान स्कूल बहेराडीह ने जैविक खेती अभियान शुरू कर सार्थक प्रयास किया है। इस दौरान डॉ. सुरेश देवांगन, प्रगतिशील किसान रामाधार देवांगन, दुर्गाचरण पटेल, अरूण अग्रवाल, राजकुमार साहू, सेना के रिटायर्ड जवान पुरुषोत्तम चंद्रा और बिलासपुर के कीर्ति पांडेय ने भी अपने संबोधन में जैविक खेती की आवश्यकता पर बल दिया।




### ग्राम पंचायतों में कृषि पखवाड़ा का किया जा रहा आयोजन

# किसानों को फसल विविधीकरण व जैविक खेती के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले के समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में 13 से 3 मार्च तक कृषि पखवाड़ा अंतर्गत कृषक चौपालों का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। चौपालों में जिले में व्याप्त जल संकट को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की गई।

आगामी खरीफ वर्ष 2026 की तैयारी के तहत फरवरी से मई 2026 तक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की सलाह दी गई तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई। धरती माता




बचाओ अभियान के अंतर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही पी.एम. आशा योजना के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों के पंजीयन हेतु किसानों का आह्वान किया गया तथा जिले में खरीदी के लिए 6 समितियां पंजीकृत की गई हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी, भूमि विवरण अद्यतन, आधार सीडिंग, अपात्र एवं संदिग्ध प्रकरणों के सत्यापन और सक्रिय किसानों का फार्मर आईडी निर्माण तथा जिले में ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी कर मक्का, दलहन एवं तिलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार का कार्य सात प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। एग्रीस्टेक पंजीयन से वंचित किसानों का शिविरों के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। चौपाल में फसल विविधीकरण, रबी में बीज उत्पादन कार्यक्रम लेने हेतु किसानों को जानकारी दी जा रही है जिसे उन्नत बीज के क्षेत्र में भी किसान आत्मनिर्भर हो सके, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ग्रीष्मकालीन फसल में अनुशंसित उर्वरक का उपयोग हेतु किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

